चिकित्सा शिक्षा विभाग और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

चर्चा में क्यों?

23 मई, 2023 को विज्ञान और मानविकी व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान के चिकित्सा शिक्षा विभाग और मैनचेस्टर विश्वविद्यालय (यूके) के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा टी.रविकांत और मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय वाइस-डीन प्रोफेसर कीथ ब्रेनन की उपस्थिति में यह एमओयू साइन किया गया।
- टी. रविकांत ने बताया कि चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के निर्देशन में अनुसंधान साझेदारी विकसित करने के उद्देश्य से यह एमओयू साईन किया गया है। इससे अकादमिक गतिविधियों और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होंगे।
- आपसी अनुभव साझा होने से मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को वैश्विक पहचान मिलेगी तथा कैपेसिटी बिल्डिंग होगी।
- उन्होंने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है, जहाँ प्रत्येक ज़िले में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। इसके साथ ही अपने नागरिकों को स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-the-department-of-medical-education-and-the-university-of-manchester